श्री बंशीधर नगर, शुक्रवार
28.02.2025
फाल्गुन शुक्लपक्ष प्रतिपदा संवत 2081
वर्ष : 03, अंक : 184

बंशीधर न्यूज
कलम है, तो आवाज़ बुलंद है...



**सूर्योदय-सूर्यास्त**
उदय - 06:19 बजे
अस्त - 05:58 बजे

**तापमान**
अधिकतम : 29 डिग्री से.
न्यूनतम : 14 डिग्री से.

डिजिटल अखबार www.banshidharnews.com
हवन के साथ गायत्री महायज्ञ का समापन >> पेज 03 सोनाक्षी सिन्हा ने धर्म परिवर्तन को लेकर तोड़ी चुप्पी >> पेज 04

**सुविचार**

किसी की मदद करने के लिए पैसों की नहीं, बल्कि बड़े दिल की जरूरत होती है

**न्यूज अपडेट्स**

### रात में दरवाजा नहीं खोलने पर फंदे पर लटकर कर ली खुदकुशी

**मेदिनीनगर।** पत्नी के दरवाजा नहीं खोलने पर एक युवक ने फंदे पर लटकर जान दे दी। उसी दिन युवक हैदराबाद से मजदूरी करके पत्नी मालो देवी के साथ घर लौटा था। घटना के समय युवक नशे में था। गुरुवार सुबह घर के बरामदे में युवक का शव फंदे से लटका देखकर इसकी सूचना पुलिस को दी गयी। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लिया। एमआरएमसीएच में पोस्टमार्टम कराया। खुदकुशी के कारणों का पुलिस पता लगा रही है। घटना जिले के रामगढ थाना क्षेत्र के धावा गांव में हुई। हुटार गांव का युवक अनिल भुइयां (30) बुधवार को हैदराबाद से मजदूरी करके लौटा था। पत्नी और दो बच्चे भी उसके साथ गए हुए थे। धावा गांव में युवक का ससुराल है। ससुराल आते ही पत्नी और बच्चों को छोड़कर वह घर से निकला और देर रात तक नहीं लौटा। हालांकि चर्चा है कि रात में नशा करने के बाद अनिल ससुराल आया था और दरवाजा खुलवा रहा था। दरवाजा नहीं खुलने पर उसने गुस्से में आकर घर के बरामदे में साड़ी का फंदा डालकर फांसी लगा ली। अनिल तीन महीने पहले पत्नी और दो बच्चों को लेकर हैदराबाद विकास प्रसाद की साइड पर मजदूरी करने के लिए गया हुआ था। उसके तीन बच्चे हैं। दो लड़का एक लड़की। बड़े लड़के को ससुराल में छोड़ गया था। बुधवार शाम ससुराल लौटने पर घर में केवल दो भाभी थी। परिवार के पुरूष सदस्य नहीं थे। आने के बाद पत्नी और ससुराल के अन्य लोगों से क्या बातचीत हुई और उसने आत्महत्या क्यों की, यह स्पष्ट नहीं हो पाया है।

**बजट सत्र** मुख्यमंत्री ने विपक्ष पर किया प्रहार-अभी तो विपक्ष को बहुत फील्डिंग करनी है


# हर बॉल पर छक्का मारेगी सरकार : हेमंत

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि राज्य का हर गरीब और पिछड़ों का कल्याण करना उनकी सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि उनके इसी तरह के संकल्पों के कारण सत्ता फिर उन्हें मिली है। मुख्यमंत्री ने यह बातें गुरुवार को बजट सत्र के दौरान राज्यपाल के अभिभाषण पर हुए वाद-विवाद के बाद विपक्ष के सवालों के जवाब में कही। मुख्यंमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार जाति और धर्म से उपर उठकर काम कर रही है। हमारी विशेष नजर राज्य के कमजोर वर्गों पर है।

उन्होंने कहा कि राज्य गठन के बाद राज्य को ऐसी कीचड़ में धकेल दिया दिया गया कि उसे निकालने में उनकी सरकार को पसीने छूट गए। उन्होंने कहा कि सरकार का कोई भी सही फैसले को विपक्ष सराहना नहीं करता, बल्कि विपक्ष का काम केवल कटाक्ष करना रह गया है। मुख्यमंत्री ने गढ़वा के विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी के सवाल का जवाब देते हुए कहा कि रिम्स में इलाज के लिए मरीज सीधा दूसरे जिलों से आ सकते हैं। उन्हें बीच में दूसरे सरकारी अस्पताल में इलाज के लिए नहीं रोका जाता है। ऐसा कोई सरकारी आदेश नहीं है। यदि किसी ने इस तरह का आदेश जारी किया है तो उसपर सरकार जरूर कार्रवाई करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के मरीजों के लिए एयर एंबुलेंस मुहैया करानेवाला झारखंड देश का पहला राज्य है। उन्होंने कहा कि रिम्स को लेकर आये दिन खबरें मिलती रहती हैं। यह स्थिति यहां मरीजों की अत्यधिक भीड़ के कारण पैदा होती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आनेवाले पांच वर्षों में रिम्स का जीर्णोद्धार किया जाएगा। इसके लोड को कम करने के लिए रांची में एक और मेडिकल कॉलेज खोला जाएगा। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार की यह शुरूआत है। विपक्ष को अभी बहुत फील्डिंग करनी है। सरकार विपक्ष के हर बॉल पर छक्का मारेगी। उन्होंने केंद्र सरकार पर झारखंड के साथ सौतेला रवैया अपनाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि खेलों के विकास के लिए केंद्र सरकार अकेले गुजरात को कुल राशि का 30 प्रतिशत पैसा देती है, जबकि झारखंड को महज 20-30 करोड़ ही मिलते हैं, जबकि यहां के खिलाड़ी हमेशा मेडल प्राप्तं करते रहते हैं। भाजपा विधायक सीपी सिंह की ओर से बालू नहीं मिलने के सवाल पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जवाब देते हुए आरोप को निराधार बताया। इसपर विपक्ष नाराज हो गया और नारेबाजी करते हुए बेल में पहुंचा गया और वॉकआउट कर गया। इसपर मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्ष को जवाब देने के लिए वे पूरी तैयारी कर के आए थे, लेकिन सदन में विपक्ष मौजूद नहीं है।



### 5508 करोड़ रुपये का तृतीय अनुपूरक बजट पेश



**रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दौरान गुरुवार को वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने 5508 करोड़ रुपये का तृतीय अनुपूरक बजट पेश किया। इससे पहले, उन्होंने आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट और वित्त लेखे भी सदन में प्रस्तुत किए। सदन में पेश तृतीय अनुपूरक बजट में सबसे ज्यादा ऊर्जा विभाग को 971.80 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इसी तरह से कृषि पशुपालन एवं सहकारिता (कृषि) को 176.48 लाख रुपये, कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (पशुपालन प्रभाग) को 241.34 लाख रुपये, मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग को 612.62 लाख रुपये, उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग को 180.75 लाख रुपये का प्रावधान किया गया है। वित्त विभाग को 10471.61 लाख रुपये, पेंशन मद में 50,000 लाख रुपये, वाणिज्य कर विभाग को 50 लाख रुपये, खाद्य एवं जन वितरण एवं उपभोक्ता मामले को 74 लाख रुपये, वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग को 16137.95 लाख रुपये, स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग को 14289.39 लाख रुपये, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग को 150 लाख रुपये उद्योग विभाग के लिए 274.54 लाख रुपये का प्रावधान किया गया है। इस अनुपूरक बजट में स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग सेकेंडरी शिक्षा विभाग को 18850.43 लाख रुपये एवं प्राथमिक एवं बजट शिक्षा प्रभार को 39293.50 लाख रुपये , महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग को 26668.69 लाख रुपये और ग्रामीण कार्य विभाग को 87329 लाख रुपये का प्रावधान किया गया है।

## हजारीबाग हिंसा एक दिन नहीं, 5 साल की सोच का नतीजा : भाजपा

**रांची।** भाजपा ने हजारीबाग जिले के इचाक में महाशिवरात्रि के दिन हुई हिंसा पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अजय साह ने इस घटना के लिए राज्य सरकार को पूर्ण रूप से जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने कहा कि यह हिंसा सिर्फ एक दिन की घटना नहीं है, बल्कि यह पिछले पांच वर्षों की नीतियों और सोच का परिणाम है, जो धीरे-धीरे झारखंड को भीतर से कमजोर कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह तुष्टिकरण की वही राजनीति है, जिसकी नींव कांग्रेस ने स्वतंत्रता से पहले ही रख दी थी और अब झारखंड इस नीति का प्रयोगशाला बन चुका है। अजय साह ने गुरुवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस और जेएमएम की मुस्लिम तुष्टिकरण की नीति विभिन्न रूपों में राज्य में दिख रही है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि जबरन स्कूलों को शुक्रवार को बंद करवाना, अवैध बांग्लादेशी घुसपैठियों को शरण देना, स्लीपर सेल को राजनीतिक संरक्षण देना, आदिवासी लड़कियों को लव जिहाद का शिकार बनाना, पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया ( पीएफआई) जैसे संगठनों का विस्तार और बड़े पैमाने पर धर्मांतरण को बढ़ावा देना इसी नीति का हिस्सा हैं। साह ने 2022 में रांची में हुए दंगे का उल्लेख करते हुए कहा कि राजधानी में दिनदहाड़े उपद्रव हुआ था, लेकिन अब तक यह स्पष्ट नहीं हुआ कि उसके पीछे का मास्टरमाइंड कौन था। उन्होंने कहा कि 10 जून की उस घटना ने पूरे झारखंड में उपद्रवियों को यह संकेत दिया कि वे चाहे शहर को जला भी दें, सरकार उनके खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं करेगी। अजय साह ने आगे आरोप लगाया कि हेमंत सरकार की तुष्टिकरण की नीतियों ने झारखंड में अल-कायदा जैसे आतंकी संगठनों को पैर पसारने का अवसर दिया।

## बांग्लादेशी घुसपैठिया को हजारीबाग जेल भेजने की मिली अनुमति

**दुमका।** बिना पासपोर्ट के अवैध तरीके से भारत में प्रवेश करने वाले बांग्लादेशी नागरिक नजमुल हवलदार की दो साल की सजा पूरी हो गई, लेकिन सुरक्षा बल नहीं मिलने की वजह से उसे गुरुवार को जेल से आजादी नहीं मिली। कारा प्रशासन के पत्र पर जेल आइजी ने उसे हजारीबाग के डिटेंशन सेंटर भेजने की अनुमति भी दे दी है। अब नजमुल को शुक्रवार या फिर शनिवार को हजारीबाग भेजा जाएगा। केंद्रीय कारा में बंद नजमुल बांग्लादेश के खुलना दक्षिण अंचल के बगेराहाट जिले के मोरेलगंज थाना क्षेत्र के शांतिभंगा गांव का रहने वाला है। उसे 24 फरवरी 2023 को साहिबगंज के तालझारी थाना की पुलिस ने रेलवे स्टेशन के आउटर के पास गिरी हुई अवस्था में गिरफ्तार किया था। अगले दिन साहिबगंज के राजमहल थाना में विदेशी अधिनियम के तहत मामला दर्ज हुआ। पूछताछ में उसने पुलिस को बताया कि ट्रेन में सवार लोगों ने उसे चोर समझकर फेंक दिया था। उसे भारतीय सीमा में प्रवेश कराने वाला सागर नामक भारतीय था। सागर से उसकी मुलाकात बांग्लादेश में हुई थी। उसने दिल्ली में काम दिलाने के नाम पर 20 हजार रुपया लेकर सिलेट सीमा के पास अवैध तरीके से सीमा पार भेज दिया। दिल्ली में कबाड़ी का काम रास नहीं आने पर ट्रेन से वापस लौट रहा था, तभी हादसा हो गया। वहीं 16 जून 2024 को संबंधित अदालत ने उसे दोषी मानते हुए दो साल की सजा और दस हजार रुपए जुमार्ने की सजा सुनाई थी। 27 फरवरी को उसकी सजा पूरी हो जाने के बाद वह जेल से रिहा होने वाला था, लेकिन सुरक्षा कारणों की वजह से उसे हजारीबाग भेजा नहीं जा सका। जबकि जेल आइजी ने उसे हजारीबाग भेजने की अनुमति दे दी थी।

राज्यपाल ने विवि के भवन निर्माण की गुणवत्ता को लेकर गंभीर चिंता जताई

# दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई का निर्देश




**रांची।** राज्यपाल-सह-झारखंड राज्य विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार ने नीलाम्बर-पीताम्बर विश्वविद्यालय, पलामू के भवन निर्माण की गुणवत्ता को लेकर गंभीर चिंता व्यक्त की है। उनके निर्देश पर गठित जांच समिति के जरिये समर्पित प्रतिवेदन में गंभीर अनियमितताएं पाई गई हैं। प्रतिवेदन के अनुसार निर्माण कार्यों की गुणवत्ता स्वीकृत प्राक्कलन के अनुरूप नहीं है तथा संवेदक की ओर से निम्न स्तर का कार्य किया गया है। झारखंड भवन निर्माण निगम के अभियंताओं एवं पदाधिकारियों की ओर से उचित अनुश्रवण के अभाव में यह स्थिति उत्पन्न हुई है। राज्यपाल ने इस बात पर विशेष नाराजगी व्यक्त की है कि विश्वविद्यालय के पदाधिकारियों के बिना समुचित निरीक्षण के इस भवन को हस्तांतरित कर लिया गया, जबकि वहां पेयजल जैसी मूलभूत सुविधा का भी अभाव है। इस संदर्भ में उन्होंने झारखंड भवन निर्माण निगम के प्रबंध निदेशक को एक उच्च स्तरीय समिति गठित कर इस भवन निर्माण में पाई गई कमियों की गहन समीक्षा करने तथा बीओक्यू एवं एकरारनामा के अनुसार कार्यों में पाई गई विसंगतियों पर स्पष्ट प्रतिवेदन समर्पित करने का निर्देश दिया है। राज्यपाल ने पलामू के कार्यपालक अभियंता, जेएसबीसीसीएल के जरिये मुख्यालय एवं विश्वविद्यालय को प्रस्तुत गलत प्रतिवेदन, जिसमें पेयजल व्यवस्था जैसी असत्य जानकारी दी गई, पर कड़ी नाराजगी प्रकट करते हुए संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। इसके अतिरिक्त, राज्यपाल ने इस योजना के संवेदक मेसर्स छावडा एवं जेके इंजीनियरिंग की ओर से बीओक्यू के अनुरूप कार्य नहीं करने एवं निम्न स्तर का कार्य करने के लिए निगम को इनके विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई करने को कहा है। साथ ही, झारखंड भवन निर्माण निगम के प्राक्कलन में 40 प्रतिशत की वृद्धि के संबंध में भी स्थिति स्पष्ट करने के निर्देश दिए हैं। राज्यपाल-सह-कुलाधिपति ने नीलाम्बार-पीताम्बार विश्वविद्यालय के प्रभारी कुलसचिव एवं अन्य अधिकारियों, जिनके प्रतिवेदन के आधार पर भवन का हस्तांतरण किया गया, जैसे डीन स्टूडेंट वेलफेयर, सीसीडीसी एवं प्रॉक्टर से भी स्पष्टीकरण मांगा है तथा उनके विरुद्ध कठोर प्रशासनिक कार्रवाई के लिए निदेशित किया है। उल्लेखनीय है कि राज्यपाल को वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने गत 13 फरवरी को नीलाम्बर-पीताम्बर विश्वविद्यालय, पलामू के भवन निर्माण की गुणवत्ता के संदर्भ में शिकायत की थी। राज्यपाल ने इस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन सदस्यीय जांच समिति का गठन किया, जो स्थल निरीक्षण कर राज्यपाल के समक्ष अपना प्रतिवेदन समर्पित किया।

## हॉकी टीम के गठन के लिए चयन ट्रायल दो मार्च को

**खूंटी।** भारतीय खेल प्राधिकरण, युवा कार्य विभाग और खेल मंत्रालय एवं हॉकी इंडिया के सहयोग से हॉकी झारखंड के जरिये रांची के मोरहाबादी स्थित एस्ट्रोटर्फ हॉकी मैदान में 17 मार्च से आयोजित अस्मिता हॉकी लीग 2025 प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए खूंटी जिला हॉकी टीम का गठन किया जाएगा। महिला वर्ग के जूनियर एवं सब जूनियर टीम गठन के लिए 2 मार्च को बिरसा कॉलेज के मैदान में सुबह 9 से चयन ट्रायल का आयोजन किया गया है। यह जानकारी हॉकी खूंटी के सचिव दशरथ महतो ने गुरुवार को देते हुए बताया कि जूनियर टीम के लिए एक जनवरी 2006 या उसके बाद के जन्मतिथि वाले ही चयन ट्रायल में भाग ले सकते हैं। इसी प्रकार सब जूनियर टीम के लिए एक जनवरी 2009 या उसके बाद के जन्म तिथि वाले ही चयन ट्रायल में भाग ले सकते हैं। चयन ट्रायल में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को अपने साथ आधार कार्ड, पंचायत अथवा नगर पंचायत द्वारा निर्गत जन्म प्रमाण पत्र तथा दसवीं का एडमिट कार्ड या अंक पत्र लाना अनिवार्य होगा।

# सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का त्वरित करें निष्पादन : डीसी



**बंशीधर न्यूज**

**हुसैनाबाद :** डीसी शशि रंजन ने हुसैनाबाद अनुमंडल कार्यालय परिसर में गुरुवार को कैंप कार्यालय के दौरान विभिन्न गांव से अपनी समस्या लेकर पहुंचे ग्रामीणों से एक एक कर मिले। उन्होंने पूरी गंभीरता के साथ उनकी समस्या सुनी व संबंधित विभाग को उनका समाधान करने का निर्देश दिया। डीसी के अलावा जिले के सभी विभाग के वरीय अधिकारी भी कार्यालय में बैठे। डीसी के साथ साथ संबंधित अधिकारियों ने ग्रामीणों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने ग्रामीणों द्वारा रखी गई एक एक समस्या का समाधान करने की दिशा में कार्रवाई की। हुसैनाबाद अनुमंडल के कैंप कार्यालय में मुख्य रूप से परियोजनाओं एवं योजनाओं की भूमि चिन्हित, हस्तकत एवं विवाद समाधान किया गया। वहीं वन भूमि के बदले अन्य भूमि सरकारी भूमि स्थानांतरण, बिजली बिल संबंधी शिकायतों का समाधान, पेयजल समस्याओं का निराकरण किया गया। इसके अलावा सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लोगों को लाभान्वित किया गया। वहीं इससे संबंधित शिकायतों का त्वरित निष्पादन कर आमजनों को सरकार की योजनाओं से अच्छादित करने का कार्य भी किया गया। उन्होंने कहा कि कैंप कार्यालय के माध्यम से मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना, अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना, अबुआ आवास योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, किसान क्रेडिट कार्ड योजना, सर्जन पेंशन योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, हरा राशन कार्ड, बिरसा सिंचाई कूप संवर्द्धन योजना, गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड आदि योजनाओं से योग्य लाभुकों को लाभ प्रदान किया गया। डीसी शशि रंजन ने कहा कि की वर्तमान दौर में कैंप कार्यालय अधिष्ठापित किये जाने की परिकल्पना आमजनों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उनके नजदीकी अनुमंडल में ही उपलब्ध कराना उद्देश्य है।

## न्यूज अपडेट्स

### मेदिनीनगर-रांची एनएच पर सड़क हादसा में 16 वर्षीय छात्र की मौत

**मेदिनीनगर :** मेदिनीनगर-रांची नेशनल हाईवे पर बुधवार की रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में 16 वर्षीय छात्र अर्णव कुमार की दर्दनाक मौत हो गई। घटना उस समय हुई जब अर्णव कुमार अपने दोस्त के साथ इलेक्ट्रिक स्कूटी से सुआ कौड़िया गांव में महाशिवरात्रि का मेला देखकर घर लौट रहा था। इसी दौरान एनएच 39 पर जोरकट के पास विपरीत दिशा से आ रहे हाईवा ने उनकी स्कूटी को टक्कर मार दिया। इस हादसे में अर्णव की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि उसके दोस्त को गंभीर चोटें आई है। मृतक अर्णव हमीदगंज निवासी धनंजय कुमार का पुत्र था और सेक्रेड हार्ट स्कूल का नौवीं कक्षा का छात्र था। अर्णव की मां सरकारी शिक्षक हैं और पिता समग्र शिक्षा में कार्यरत हैं। अर्णव अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था। इधर हादसे के बाद हाईवा चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। हालांकि सदर थाना पुलिस ने हाईवा को जब्त कर घटना की जांच शुरू कर दी है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिये मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज भेजा गया। घटना के बाद जब शव घर पहुंचा, तो परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। स्कूल के शिक्षक भी अर्णव के घर पहुंचे और परिवार को सांत्वना दी।

## पलामू ▶ टीएसपीसी का नक्सली उपेंद्र भुईयां धराया

# कोहबरिया जंगल से 652 गोलियां बरामद

**बंशीधर न्यूज**




**मेदिनीनगर :** मनातू थाना पुलिस ने टीएसपीसी के सक्रिय सदस्य छोटकी नागद निवासी उपेन्द्र भुईयां (26) पिता स्व बाढ़ो भुईयां को 315 मिमी के 652 पीस जिन्दा गोली के साथ गिरफ्तार किया है। इसे लेकर आयोजित प्रेसवार्ता में पलामू एसपी रिष्मा रमेशन ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि उपेन्द्र भुईयां केदल गांव के रास्ते अपने घर नागद आनेवाला है। सूचना के बाद गठित टीम ने ऑपरेशन प्लान तैयार किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक (अभियान) राकेश सिंह के नेतृत्व में छापामारी टीम शाम के लगभग 6.40 बजे केदल के जंगल स्थित सिकदा मोड़ के पास पहुंची और सशस्त्र बल के जवान प्लान के अनुसार जंगल में रोड के दोनों तरफ जगह लेकर छिप गये। उन्होंने बताया कि लगभग 19.05 बजे केदल की ओर से एक व्यक्ति चादर ओढ़ कर सिकदा मोड़ की तरफ आता पुलिस को दिखाई दिया। रूकने का इशारा करने व आवाज देने पर वह व्यक्ति तेजी से सिकदा जाने वाले कच्ची रास्ते की ओर मुडकर भागने लगा। बाद में सशस्त्र बलों ने उसे खदेड़कर पकड़ लिया। उन्होंने बताया कि पकड़े जाने के बाद उपेन्द्र भुईयां ने अपने आपको टीएसपीसी का सक्रिय सदस्य बताया तथा संगठन के लिये काम करने की बात कही। उसने पुलिस को यह भी बताया कि कोहबरिया के जंगल में 652 पीस जिन्दा गोली को छिपा कर रखा है जिसे जाने पर बरामद करा सकता हुं। इसके बाद पुलिस उसके बताये स्थान पर पहुंची एवं तलाशी के दौरान एक चट्टान की खोह में डालडा का पीले रंग का डिब्बा छुपाकर रखा हुआ दिखा। डिब्बे को सावधानीपूर्वक खोलने पर उसमें .315 मिमी का 652 पीस जिन्दा गोली बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि उपेंद्र भुईयां पर पांकी, मनातू, बालूमाथ व चतरा जिले के कुन्दा थाना, वशिष्ठ नगर थाना में 12 मामला दर्ज है। इस संबंध में आर्म्स एक्ट के तहत मनातू थाना कांड सं 24/2025 दर्ज कर उपेंद्र भुईयां को जेल भेज दिया गया है। छापामारी टीम में लेस्लीगंज (पांकी) एसडीपीओ मनोज कुमार झा, मनातू थाना प्रभारी निर्मल उरांव, पुअनि राजेश कुमार, अनीश राज, संतोष कुमार गुप्ता, पुलिस जवान डोमन सिंह, यासीम अंसारी, मो. नेयाज खां, शिवानंद राय, वीरेन्द्र कुमार पटेल, मनोज राम, अमित कुमार, जितेन्द्र उरांव, बलराम सिंह समेत जेजे सैट के जवान शामिल थे।

## डीसी ने वज्रगृह का किया औचक निरीक्षण, दिये कई आवश्यक दिशा निर्देश

**बंशीधर न्यूज**



**गढ़वा :** जिला दण्डाधिकारी सह डीसी शेखर जमुआर ने गुरूवार को कृषि भवन स्थित जिला कोषागार के वज्रगृह का निरीक्षण किया। ज्ञात हो कि वार्षिक माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा 2025 के प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका को यहां के वज्रगृह में रखा गया है। निरीक्षण के दौरान डीसी ने वज्रगृह में जैक से प्राप्त प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका को एक तरफ चिन्हित कर रखा हुआ पाया। जबकि परीक्षा के उपरांत सभी परीक्षा केंद्रों से प्राप्त प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका को भी एक तरफ चिन्हित कर सिलसिलेवार तरीके से रखा हुआ पाया। मौके पर डीसी श्री जमुआर ने सीसीटीवी कैमरे की स्थिति से भी अवगत हुये, जहां पर उनके द्वारा सभी जगह सीसीटीवी कैमरा लगा हुआ पाया गया, जिसका कंट्रोल वज्रगृह के कंट्रोल रूम में है। जिला कोषागार के वज्रगृह में प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका के भंडारण को लेकर डीसी ने खुशी जाहिर की। निरीक्षण के उपरांत डीसी ने कोषागार पदाधिकारी को निर्देश दिया कि आगे भी मैट्रिक एवं इंटर की परीक्षा जारी है, इसी प्रकार पूरी जवाबदेही के साथ वज्रगृह में प्रश्न पत्र का भंडारण सुरक्षित ढंग से किया जाय। मौके पर कोषागार पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी एवं जिला भूमि संरक्षण पदाधिकारी सहित वज्रगृह में कार्यरत कर्मी उपस्थित थे।

## जायन्ट्स सदस्य की माता के निधन पर शोक सभा



**गढ़वा :** जायन्ट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा के सदस्य दीपक केशरी के माता के निधन पर शोक सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान दो मिनट का मौन रखकर मृतक की आत्मा की शांति के लिये ईश्वर से प्रार्थना की गई। मौके पर जायन्ट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा के अध्यक्ष राकेश केशरी, सेंट्रल कमेटी सदस्य अजयकांत पाठक, जायन्ट्स वेलफेयर फाउंडेशन फेडरेशन 8 के पूर्व अध्यक्ष अलखनाथ पाण्डेय, विनोद कमलापुरी, मदन प्रसाद केशरी, फेडरेशन पदाधिकारी नंद कुमार गुप्ता, स्पेशल कमेटी के पूर्व सदस्य विजय केशरी, निवर्तमान अध्यक्ष कमलेश कुमार गुप्ता, उपाध्यक्ष चंद्रभूषण सिन्हा, प्रशासनिक निदेशक मोजिबुद्दीन खान, ध्रुव केशरी, विनोद गुप्ता, दीपक तिवारी, रवीन्द्र जायसवाल, रवीन्द्र केशरी, सुनील कुमार अग्रवाल, मनोज केशरी आदि लोग उपस्थित थे।

## एसडीओ ने की बैठक, मनरेगा-पीएम आवास की समीक्षा



**भवनाथपुर :** एसडीओ प्रभाकर मिर्धा ने गुरुवार को प्रखंड कार्यालय में बैठक की। बैठक में एसडीओ ने मनरेगा, पीएम आवास की समीक्षा की। एसडीओ ने भवनाथपुर एवं केतार बीडीओ एवं कर्मियों के साथ बैठक कर विभिन्न स्वीकृत, लंबित एवं पूर्ण योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी ली तथा लंबित योजनाओं के कार्यों को समय रहते पूर्ण करने का निर्देश दिया। जिन योजनाओं की समीक्षा की गयी उनमें अबुआ आवास, प्रधानमंत्री आवास, मनरेगा आदि शामिल है। एसडीओ ने कर्मियों से कहा कि सरकार की इस महत्वपूर्ण योजनाओं का लाभ लाभुकों तक जल्द से जल्द पहुंचना चाहिये। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी योजनाओं के क्रियान्वयन में नियमों का अक्षरशः पालन किया जाय। अधूरी योजनाओं को यथाशीघ्र पूर्ण करने तथा पूर्ण हो चुकी योजनाओं को संचालनात्मक स्थिति में लाने का निर्देश दिया गया। उन्होंने यह भी कहा कि लापरवाही बरतने वाले कर्मियों पर कार्रवाई की जायेगी। बैठक में भवनाथपुर बीडीओ नंदजी राम, केतार बीडीओ प्रशांत कुमार, बीपीओ आनंद राज, नीरज कुमार पाल, पंचायत सेवक सतीश सिंह, रोजगार सेवक दयानंद प्रजापति, तहमीद अंसारी, रामकुमार प्रजापति, परमानंद ठाकुर, जयराम, शशि कुमार, सुनील तिवारी, राकेश गुप्ता, दीपक जायसवाल, अशोक कुमार सहित कई कर्मी उपस्थित थे।

## रमना में विधिक जागरूकता कार्यक्रम



**रमना :** कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में गुरुवार को पीएलवी राकेश कुमार ने जिला विधिक सेवा प्राधिकार के आदेशानुसार छात्राओं को विधिक सेवा की जानकारी दी गयी। जिसमें बच्चों के मौलिक अधिकार जिसमे मुख्यतः भोजन, आश्रय, शिक्षा सांस्कृतिक, स्वास्थ्य सुविधा, शोषण दुर्व्यवहार उपेक्षा से सुरक्षा इत्यादि मूल अधिकारों के बारे में बताया गया। साथ ही विद्यालय में किसी भी प्रकार की कोई समस्या के बारे में पूछा गया। इस दौरान विद्यालय में उपस्थित प्रबंधन समिति के सदस्यों ने नाम नहीं बताने की शर्त पर बताया कि विद्यालय में सुविधा मिलाजुलाकर ठीक ढाक है लेकिन शिक्षा की व्यवस्था अच्छी नहीं है। कुछ विषयों की अच्छी पढ़ाई होती है और कुछ विषयों की नहीं होती है जिसका शिक्षक ही नहीं है। मौके पर विद्यालय प्रबंधन के सदस्य एवं शिक्षिका उपस्थित थे।

## डीएलएसए सचिव पीलएलवी के कार्यों से खुश



**गढ़वा :** जिला विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा के पीएलवी राजेश कुमार चौधरी और विकाश कुमार गौतम ने सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार अध्यक्ष के कार्यालय में बहुत कम समय में 15 केस को पढ़ा। साथ ही 55 लोगों का नोटिस जारी किया। इसके साथ ही अभी तक 150 केस को पढ़ कर अच्छी तरह से नोटिस जारी किया गया। उन्होंने बताया कि 863 लोगों को नोटिस भेज दिया गया है। एक रिपोर्ट के अनुसार पीएलवी के नोटिस काटने पर पिछले लोक अदालत में 8 लाख 6300 से ज्यादा कोर्ट का कलेक्शन हुआ है। इस कार्य को देख जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव रवि चौधरी ने पीलएलवी के कार्यों की प्रशंसा करते हुये बधाई दी। उन्होंने बताया कि सिविल कोर्ट गढ़वा पहले की अपेक्षा इस बार 55 से 60 केस खत्म कर पाया है। जिसका श्रेय पीएलवी की टीम को जाता है।

## वित्तीय साक्षरता सप्ताह के तहत एकदिवसीय कार्यशाला आयोजित

# महिलाओं को वित्तीय समझदारी समृद्ध नारी के तहत दी गयी जानकारी

**बंशीधर न्यूज**



**मेराल :** वित्तीय साक्षरता सप्ताह के तहत गुरुवार को अग्रगति इंडिया की ओर से प्रखंड कार्यालय के सभागार में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन कर महिलाओं को वित्तीय समझदारी-समृद्ध नारी के तहत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बीडीओ सतीश भगत, एसबीआई अग्रणी बैंक के एलडीएम सत्यदेव कुमार रंजन, एफएलसी राजीव रंजन दुबे, महिला प्रवेक्षिका मीणा कुमारी तथा सीएफएल से जुड़ी कई महिलाओं के साथ ग्रामीण महिलाएं भी शामिल रहीं। मौके पर जिला समन्वयक श्याम सुन्दर महतो, मेराल सीएफएल कोऑर्डिनेटर गुरुदेव विश्वकर्मा, प्रशिक्षिका अंजू कुमारी द्वारा महिलाओं को स्वावलंबी तथा जागरूक करने के लिये सरकार द्वारा चलाई जा रही कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से बताया गया। वही अतिथियों द्वारा लोगों को बताये गये सुझावों पर अमल कर स्वयं आत्मनिर्भर बनने तथा अन्य लोगों को भी जागरूक करने पर बल दिया। कार्यक्रम में सेविका जैदा खातून, रीना कुमारी, मंजू कुमारी सहित दर्जनों सेविका सहायिका के साथ अन्य लोग शामिल थे।

## रेलवे न्यायिक दंडाधिकारी के नेतृत्व में चला टिकट जांच अभियान



**मेदिनीनगर :** रेलवे न्यायिक दंडाधिकारी प्रागेश निगम के नेतृत्व में गुरुवार को डालटनगंज रेलवे स्टेशन पर मेगा टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। रेलवे न्यायिक दंडाधिकारी के साथ चेकिंग अभियान में सीआरपीएफ, आरपीएफ, एसआईटी द्वारा जांच की गई। इस दौरान आधा दर्जन से अधिक ट्रेनों में चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसके तहत कई ट्रेनों में और रेलवे स्टेशन पर टिकट चेकिंग किया गया। यह अभियान लगातार जारी रहेगा। बिना टिकट यात्रा कर रहे यात्रियों पर कानूनी कार्रवाई की जा रही है वही जुर्माना भी वसूला जा रहा है।

# जिला अधिवक्ता संघ. परेश तिवारी ने महासचिव पद के लिये दाखिल किया नामांकन पत्र



बंशीधर न्यूज

**गढ़वा :** जिला अधिवक्ता संघ के महासचिव पद के प्रत्याशी वरिष्ठ अधिवक्ता परेश कुमार तिवारी (सरकारी अधिवक्ता) ने गुरुवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन दाखिल करने के बाद परेश तिवारी ने सभी अधिवक्ताओं से आशीर्वाद एवं समर्थन की अपील की। इस दौरान उनके समर्थकों और अधिवक्ता समुदाय के कई वरिष्ठ सदस्य उपस्थित थे। नामांकन प्रक्रिया पूरी करने के बाद परेश ने संघ के अन्य अधिवक्ताओं से मुलाकात की और चुनाव में अपना समर्थन देने की अपील की। इस दौरान उन्होंने अधिवक्ता समाज की एकता और विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। मौके पर श्री तिवारी ने कहा कि अगर उन्हें महासचिव पद की जिम्मेदारी मिलती है, तो वे अधिवक्ताओं के हितों की रक्षा के लिये हरसंभव प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि वे संघ को अधिक संगठित और प्रभावी बनाने के लिये कार्य करेंगे, जिससे सभी अधिवक्ताओं को समान अवसर और न्यायसंगत सुविधाएं मिल सकें। गढ़वा जिला अधिवक्ता संघ का चुनाव अधिवक्ताओं के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। महासचिव पद के लिये मुकाबला दिलचस्प होने की संभावना है, उम्मीदवारों की घोषणाओं व रणनीतियों पर सभी की निगाहें टिकी हुई हैं।

## न्यूज अपडेट्स

### सड़क दुर्घटना में दो घायल

**भवनाथपुर :** थाना क्षेत्र के मकरी बगही के समीप दो बाईक के आमने सामने के टक्कर में दो लोग घायल हो गये। जिन्हे स्वजनों के द्वारा भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के लिये भर्ती कराया गया। जहां डॉ रंजन दास ने प्राथमिक उपचार किया। घायलों में बाईक पर सवार मकरी निवासी राकेश विश्वकर्मा, जबकि दूसरे बाईक पर सवार 12 वर्षीय लड़की रिंकी कुमारी पिता प्रमोद प्रजापति खरौंधी के नाम शामिल है। घटना के बारे में बताया जाता है कि रिंकी कुमारी अपने जीजा अजीत प्रजापति गढ़वा तेनार निवासी के साथ बाईक से खरौंधी जा रही थी। जबकि विपरीत दिशा से आ रहे मकरी निवासी राकेश विश्वकर्मा अपने बाईक से आ रहा था, एक ऑटो के ओवरटेक करने के दौरान दोनों बाईक चालक आपस में टकरा गये।

### चेकिंग में पकड़े गये 13 वाहन

**मेदिनीनगर :** यातायात पुलिस ने चेकिंग अभियान के दौरान कुल 13 वाहनों को पकड़ा है। पकड़े गये सभी वाहनों को शहर थाने में सुरक्षित रखा गया है। इस संबंध में यातायात प्रभारी समाल अहमद ने बताया कि सद्दीक चौक कोयल नदी पुल के पास चेकिंग अभियान के दौरान चारपहिया व दोपहिया वाहनों की जांच की गई। ट्रिपल लोड तथा बगैर हेलमेट व लाईसेंस के दोपहिया चलाते कुल 10 लोगों को पकड़ा गया। उन्होंने बताया कि 1 बाईक तथा 1 टेंपो सवारी गाड़ी का चालक शराब पीकर वाहन चलाते पकड़ा गया। वहीं 1 टेंपो सवारी गाड़ी जो जबरदस्ती दूसरे साईड में जा रहा था उसके गाड़ी को भी जब्त किया गया है।

## अध्यात्म खजूरी के शिव मंदिर परिसर में हुआ यज्ञ

# हवन के साथ गायत्री महायज्ञ का समापन

बंशीधर न्यूज

**मझिआंव :** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के निर्देशन में मझिआंव नगर पंचायत के खजूरी गांव के मनोकामनेश्वर शिव मंदिर परिसर में 24 फरवरी से चल रहे नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ हवन यज्ञ के साथ ही समापन हो गया एवं शांतिकुंज हरिद्वार से आई चार सदस्यीय टोली को विदाई दी गई। इस अवसर पर आयोजित विदाई समारोह में शांतिकुंज के टोली नायक व कर्मकांडी सच्चिदानन्द तिवारी, भजन गायक ललित शर्मा, तबला वादक राहुल कुमार एवं बेंजो वादक राजा कुमार को अंगवस्त्र देकर विदाई दी गई। इस अवसर पर टोली नायक श्री तिवारी ने खजूरी गांव के श्रद्धालुओं को बधाई का पात्र बताया। कहा




कि गायत्री महायज्ञ से यहां का वातावरण आध्यात्मिक हो गया है और जिन्होंने गायत्री परिवार की दीक्षा ग्रहण की है वे गुरुदेव पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य एवं माता गायत्री की कृपा पात्र बन गये हैं। उनका कर्तव्य बनता है कि वे युग परिवर्तन की इस बेला में गुरुदेव के सृजन सैनिक बनकर देव सत्ता स्थापित करने व सतयुग लाने में सक्रिय भूमिका निभायें। उन्होंने कहा कि गुरुदेव का स्लोगन है कि हम बदलेंगे युग बदलेगा, को आत्मसात करें। दूसरों का बदलाव न देखें, और खुद में सतयुग जैसा बदलाव लावें तो युग स्वयं ही बदलता चला जायेगा। खुद में बदलाव लाने से ही इस गायत्री महायज्ञ की सार्थकता सिद्ध होगी। विदाई समारोह में गायत्री परिवार महिला मंडल की जिला संयोजक शोभा पाठक ने कहा कि 21वीं सदी नारी सशक्तिकरण का है। उन्होंने गुरुदेव का भजन, नारियां देश की जाग जाये अगर, तो युग स्वयं ही बदलता चला जायेगा, गाकर नारी शक्ति को युग परिवर्तन में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। समारोह का संचालन गायत्री परिवार के प्रखंड संयोजक नागेन्द्र सिंह द्वारा किया गया। विदाई समारोह को जिला संयोजक विनोद पाठक, युवा मंडल के जिला संयोजक वीरेंद्र सोनी,केंद्रीय टोली सदस्य अच्युतानंद तिवारी, भरत कुशवाहा, अशोक साह, सत्या दुबे, मारुति नंदन सोनी, गिरीश पांडेय, शिव प्रसाद आदि लोगों ने संबोधित किया। इसके पूर्व महाशिवरात्रि के अवसर पर विराट दीप महायज्ञ का आयोजन किया गया। तथा भगवान भोलेनाथ एवं माता गायत्री की पूजा अर्चना व आरती की गई। महायज्ञ को सफल बनाने में यज्ञ कमिटी के अध्यक्ष गुड्डू उर्फ रमेश विश्वकर्मा, उपाध्यक्ष दिलीप सिंह, गोलू सिंह, वार्ड पार्षद प्रमोद पाल, रामायण शर्मा, भगवान शर्मा, कंचन कुशवाहा, अखिलेश विश्वकर्मा, रवि मेहता, उपेन्द्र मेहता, परेस पाल, अखिलेश पाल, देवधारी मेहता, मुंद्रिका पाल, रामप्रवेश पाल, बिट्टू शर्मा, अशोक विश्वकर्मा, बलराज मेहता, विष्णुदेव प्रजापति, जयशंकर प्रजापति सहित पूरे खजूरी गांव के महिला पुरुषों ने सक्रीय सहयोग रहा।

## भवनाथपुर. अरसली में मनायी गयी माता शबरी की जयंती

बंशीधर न्यूज

**भवनाथपुर :** अखिल भारतीय भुईयां समाज कल्याण समिति ने प्रखंड अंतर्गत अरसली दक्षिणी में माता शबरी की जयंती समारोह मनाया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि पलामू लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी ममता भुईयां, जिला परिषद सदस्य कुमारी रंजनी शर्मा, झामुमो जिला उपाध्यक्ष लल्लू राम, समाजसेवी सोना किशोर



यादव, बलदेव भुईयां, धर्मदेव ऋषि ने माता शबरी के प्रतिमा के समक्ष पुष्प अर्पित कर तथा द्वीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर ममता भुईयां ने बताया कि शबरी जयंती फाल्गुन महीने के कृष्ण पक्ष की सप्तमी तिथि को मनाई जाती है। हमको माता जी से प्रेरणा लेना चाहिये और अपने सनातन धर्म को समझ कर कार्य करना चाहिये। जिला परिषद सदस्य रंजनी शर्मा ने कहा कि शबरी माता का असली नाम श्रमणा था, वह भील समुदाय की शबरी जाति से थीं। भगवान राम की युगों-युगों तक राह देखने वाली माता शबरी ने पशुओं की जान बचाने के लिये विवाह नहीं किया था। कार्यक्रम के अंत में ममता भुईयां एवं रंजनी शर्मा नें बच्चों के बीच किताब, कॉपी, पेन का वितरण किया। मौके पर कुंदन ठाकुर, सतीश राम, रामनाथ भुईयां, सुरेंद्र भुईयां, बीडीसी शकील अहमद, मुफ्ती मोहम्मद खान, अख्तर खान, शिवनारायण भुईयां, मनोज कुमार भुईया, अयोध्या भुईया, जिधन राम आदि लोग उपस्थित थे।

## राधा कृष्ण मंदिर के प्रांगण में राधा कृष्ण वॉलीबॉल ओपन टूर्नामेंट का आयोजन

# वॉलीबॉल में मोहम्मदगंज ने गढ़वा पुलिस की टीम को हराया

बंशीधर न्यूज

**मझिआंव :** राधा कृष्ण मंदिर के प्रांगण में राधा कृष्ण वॉलीबॉल ओपन टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि निवर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष सुमित्रा देवी एवं खेल के संरक्षक श्री श्री 1008 श्री बाबा केशव नारायण दास, विशिष्ट अतिथि अंचल अधिकारी प्रमोद कुमार ने फीता काटकर एवं खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच पलामू जिला के



मोहम्मदगंज एवं पुलिस टीम गढ़वा के बीच खेला गया। वॉलीबॉल टूर्नामेंट का टॉस मोहम्मदगंज की टीम ने जीती। खेल की शुरूआती पहले सेट में गढ़वा पुलिस की टीम ने 25-15 स्कोर बनाई। वही मोहम्मदगंज की टीम ने दूसरे सेट में 27-26 एवं तीसरे सेट में 24-21 स्कोर के साथ बढ़त बना दी। इस प्रकार मोहम्मदगंज की टीम ने एक सेट गंवाकर लगातार दो सेट में जीत हासिल कर विजय हुई। मौके पर मुख्य अतिथि सुमित्रा देवी ने कहा कि इस तरह के आयोजन से युवा खेल प्रेमियों में खेल के प्रति हौसला बढ़ता है। खेल से शारीरिक, मानसिक एवं बौद्धिक विकास में वृद्धि होती है। खेल के आयोजकों ने बताया कि इस टूर्नामेंट में छह टीम पार्टिसिपेट करेगी। इस टूर्नामेंट का फाईनल मैच 28 फरवरी को संपन्न होगा। मुख्य अंपायर की भूमिका में अरुण तिवारी एवं सहायक संजय कुमार जबकि कमेंट्री विनोदानंद त्रिपाठी उर्फ रिंकू पंडा के द्वारा किया गया। स्कॉरर की भूमिका मुकेश कुमार सिंह एवं विक्की सिंह ने निभाई। मौके पर विजय सिंह, सुदामा सिंह, लखन देव तिवारी, विनय कुमार पाठक, बृज नारायण सिंह, अशोक सिंह, सुशील तिवारी, अशोक कमलापुरी, वीरेंद्र सिंह, विक्की दुबे आदि लोग उपस्थित थे।

### सड़क हादसे में दो युवक की हुई मौत, विरोध दो घंटे तक जाम रखा एनएच



**विश्रामपुर :** नावा बाजार मुख्यालय में छोटी मस्जिद के निकट हुई सड़क हादसे में एक नाबालिग सहित दो लोगों की मौत हो गई। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क जाम कर दिया है। जानकारी के अनुसार शाम करीब साढ़े छह बजे एनएच 139 पर कमांडर के धक्के से बाईक सवार इटको निवासी श्रवण सोनी (32) पिता कमलेश सोनी की मौत हो गई। वहीं सड़क पर पैदल जा रहे 15 वर्षीय समीर खान उर्फ टुलु की भी मौत कमांडर की चपेट में आने से हो गई। घटनास्थल के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क जाम कर दिया है। आक्रोशित लोग मृतक के आश्रित को सरकारी नौकरी और 10 लाख रुपये की मांग कर रहे थे। मौके पर पहुंचे सीओ शैलेश कुमार, बीडीओ रेणु बाला व थाना प्रभारी चिंटू कुमार के आश्वासन के बाद जाम को हटाया गया। बीडीओ ने मृतकों को सरकारी लाभ दिलाने का आश्वासन दिया है। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया।

### शंखा में कार ने स्कूटी को मारा टक्कर, एक युवक घायल



**विश्रामपुर :** एनएच 39 पर रेहला थाना क्षेत्र के शंखा गांव के निकट एक कार (जे एच 10 सी एल 8429) ने स्कूटी सवार को पीछे से टक्कर मार दिया। जिससे स्कूटी चालक घायल हो गया है। घटना गुरुवार दोपहर की बतायी जा रही है। घायल युवक की पहचान रेहला थाना क्षेत्र के गोदरमा गांव निवासी रामबृक्ष प्रजापति का पुत्र सुजीत प्रजापति के रूप में हुयी है। घटना की सूचना पर पहुंची रेहला पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त दोनों वाहनों को जब्त कर थाने ले गयी। घायल सुजीत का इलाज विश्रामपुर सीएचसी में चल रहा है।

### भलुआनी कला के मजदूर की कोलकात्ता में मौत, शव पहुंचते ही गांव में मचा कोहराम



**विश्रामपुर :** विश्रामपुर थाना क्षेत्र के भलुआनी कला गांव के परीखा भुईयां 32 वर्ष नामक एक मजदूर की मौत कलकत्ता में हो गई है। गुरुवार दोपहर मृतक मजदूर का शव जैसे ही घर पहुंचा पूरे गांव में मातम छा गया। वह मंजू भुईयां का पुत्र है। परीखा भुईयां पिछले रविवार को ही मजदूरी करने के लिये कलकत्ता गया हुआ था। जहां कार्य करने के दौरान वह मंगलवार की शाम उंचाई से गिर गया था। जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गयी थी। शव पहुंचते ही परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। गांव के श्मशान घाट पर उसका दाह संस्कार किया गया। दाह संस्कार में पूर्व वार्ड पार्षद संजय बैठा सहित कई लोग पहुंचकर मृतक के परिजनों को ढांढस बंधाया। मृतक के परिजनों की स्थिति देखते हुये संजय बैठा ने दाह संस्कार के लिये लकड़ी उपलब्ध कराया व आर्थिक मदद की। उन्होंने कहा कि अगर स्थानीय मजदूरों को यही रोजगार मिलता तो उन्हें बाहर जाकर अपनी जान नहीं गवानी पड़ती। मौके पर निवर्तमान वार्ड पार्षद देवनाथ यादव सहित कई लोग मौजूद थे।

### डीसी ने मड़वनिया व सिलीदाग की मुखिया को किया सम्मानित




**रमना :** शिक्षा विभाग की ओर से गढ़वा टाउन हाल में आयोजित मुखिया सम्मेलन के दौरान शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिये रमना प्रखंड के मड़वनिया पंचायत की मुखिया स्वीटी वर्मा और सिलीदाग पंचायत की मुखिया अनिता देवी को सम्मानित किया गया। डीसी शेखर जमुआर ने दोनों मुखिया को शॉल और मेमोंटो देकर सम्मानित किया। विदित हो कि उक्त दोनों मुखिया की ओर से अपने पंचायत क्षेत्र के स्कूलों में जलमीनार, पुस्तकालय, खेल मैदान, अमृत वाटिका, किचेन गार्डन, चेंजिंग रूम आदि का निर्माण कराकर बच्चो को आधार भूत सुविधाएं मुहैया कराने सहित शैक्षणिक गतिविधियों में सुधार के लिये हरसंभव प्रयास किया जाता है।



## सोनाक्षी सिन्हा ने धर्म परिवर्तन को लेकर तोड़ी चुप्पी

अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा ने पिछले साल जून में ब्वॉयफ्रेंड जहीर इकबाल से शादी की थी। इसके लिए सोनाक्षी को अपने अंतरधार्मिक विवाह को लेकर काफी आलोचना का सामना करना पड़ा। इतना ही नहीं, चर्चा तो यह भी थी कि उनके पिता शत्रुघ्न सिन्हा और दोनों भाई उनके इस फैसले के खिलाफ थे। सोनाक्षी के भाई लव और कुश अभी भी किसी भी कार्यक्रम में उनके साथ नहीं जाते हैं। इस बीच, सोनाक्षी ने हाल ही में एक साक्षात्कार में अंतर-धार्मिक विवाह पर अपनी राय शेयर की। साक्षात्कार में सोनाक्षी ने कहा कि जहीर और मैं धर्म के बारे में सोच भी नहीं रहे थे। हम बस दो लोग हैं जो एक-दूसरे से प्यार करते हैं। शादी हमारे लिए एक स्वाभाविक कदम था। न तो वह मुझ पर अपना धर्म थोपते हैं और न ही मैं उन पर। हम दोनों एक-दूसरे के धर्मों का सम्मान करते हैं और यही सबसे जरूरी बात है। हमने कभी इस पर चर्चा भी नहीं की, क्योंकि यह हमारे रिश्ते के लिए मायने नहीं रखता। जहीर दिवाली की पूजा के लिए मेरे घर आते हैं और मैं नियाज के लिए उनके घर जाती हूं। बस इतना ही काफी है। मैं उनकी संस्कृति का सम्मान करती हूं और उनका पूरा परिवार हमारी संस्कृति का सम्मान करता है। यही सही तरीका है। सोनाक्षी ने आगे कहा कि हमारे लिए विशेष विवाह अधिनियम के तहत शादी करना सही था और हमने वही किया। न तो उन्हें अपना धर्म बदलने की जरूरत थी और न ही मुझे। यह उतना ही सरल है जितना कि दो ऐसे लोगों का विवाह करना, जिनका एक-दूसरे के साथ खूबसूरत रिश्ता है।

## सलमान खान की फिल्म 'सिकंदर' का धमाकेदार टीजर रिलीज



सलमान खान की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'सिकंदर' को लेकर फैंस के बीच जबरदस्त उत्साह है। फिल्म की शूटिंग अब लगभग पूरी हो चुकी है और अब इसका नया टीजर रिलीज कर दिया गया है। 'गजनी' जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्म का निर्देशन कर चुके एआर मुरुगादॉस इस फिल्म के डायरेक्टर हैं, जबकि इसके निमार्ता साजिद नाडियाडवाला हैं। टीजर में सलमान खान का धांसू अवतार देखने को मिल रहा है। जबरदस्त एक्शन सीक्वेंस, दमदार बैकग्राउंड म्यूजिक और भाईजान की स्क्रीन प्रेजेंस ने फैंस की एक्साइटमेंट को और बढ़ा दिया है। एआर मुरुगादॉस के निर्देशन में बनी इस फिल्म में सलमान खान पहली बार रश्मिका मंदाना के साथ नजर आएंगे। टीजर में उनकी झलक भी देखने को मिली है, जिससे फैंस की एक्साइटमेंट और बढ़ गई है। फिल्म में प्रतीक बब्बर और सत्यराज जैसे दमदार कलाकार भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। वहीं, वरुण धवन की भतीजी अंजिनी धवन भी इस फिल्म से बॉलीवुड में कदम रखने जा रही हैं। फिल्म सिकंदर को ईद 2025 के खास मौके पर रिलीज किया जाएगा। फिल्म का पहला टीजर दिसंबर, 2024 में आया था, जिसने पहले ही दर्शकों के बीच जबरदस्त उत्साह पैदा कर दिया था।

# एकता का महाकुंभ, युग परिवर्तन की आहट



**नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री**

महाकुंभ संपन्न हुआ...एकता का महायज्ञ संपन्न हुआ। जब एक राष्ट्र की चेतना जागृत होती है, जब वो सैकड़ों साल की गुलामी की मानसिकता के सारे बंधनों को तोड़कर नव चैतन्य के साथ हवा में सांस लेने लगता है, तो ऐसा ही दृश्य उपस्थित होता है, जैसा हमने 13 जनवरी के बाद से प्रयागराज में एकता के महाकुंभ में देखा।

22 जनवरी, 2024 को अयोध्या में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में मैंने देवभक्ति से देशभक्ति की बात कही थी। प्रयागराज में महाकुंभ के दौरान सभी देवी-देवता जुटे, संत-महात्मा जुटे, बाल-वृद्ध जुटे, महिलाएं-युवा जुटे, और हमने देश की जागृत चेतना का साक्षात्कार किया। ये महाकुंभ एकता का महाकुंभ था, जहां 140 करोड़ देशवासियों की आस्था एक साथ एक समय में इस एक पर्व से आकर जुड़ गई थी।

तीर्थराज प्रयाग के इसी क्षेत्र में एकता, समरसता और प्रेम का पवित्र क्षेत्र श्रृंगवेरपुर भी है, जहां प्रभु श्रीराम और निषादराज का मिलन हुआ था। उनके मिलन का वो प्रसंग भी हमारे इतिहास में भक्ति और सद्भाव के संगम की तरह ही है। प्रयागराज का ये तीर्थ आज भी हमें एकता और समरसता की वो प्रेरणा देता है।

बीते 45 दिन, प्रतिदिन, मैंने देखा, कैसे देश के कोने-कोने से लाखों-लाख लोग संगम तट की ओर बढ़े जा रहे हैं। संगम पर स्नान की भावनाओं का ज्वार, लगातार बढ़ता ही रहा। हर श्रद्धालु बस एक ही धुन में था- संगम में स्नान। मां गंगा, यमुना, सरस्वती की त्रिवेणी हर श्रद्धालु को उमंग, ऊर्जा और विश्वास के भाव से भर रही थी।

प्रयागराज में हुआ महाकुंभ का ये आयोजन, आधुनिक युग के मैनेजमेंट प्रोफेशनल्स के लिए, प्लानिंग और पॉलिसी एक्सपर्ट्स के लिए, नए सिरे से अध्ययन का विषय बना है। आज पूरे विश्व में इस तरह के विराट आयोजन की कोई दूसरी तुलना नहीं है, ऐसा कोई दूसरा उदाहरण भी नहीं है। पूरी दुनिया हैरान है कि कैसे एक नदी तट पर, त्रिवेणी संगम पर इतनी बड़ी संख्या में करोड़ों की संख्या में लोग जुटे। इन करोड़ों लोगों को ना औपचारिक निमंत्रण था, ना ही किस समय पहुंचना है, उसकी कोई पूर्व सूचना थी। बस, लोग महाकुंभ चल पड़े...और पवित्र संगम में डुबकी लगाकर धन्य हो गए।

मैं वो तस्वीरें भूल नहीं सकता...स्नान के बाद असीम आनंद और संतोष से भरे वो चेहरे नहीं भूल सकता। महिलाएं हों, बुजुर्ग हों, हमारे दिव्यांग जन हों, जिससे जो बन पड़ा, वो साधन करके संगम तक पहुंचा।

और मेरे लिए ये देखना बहुत ही सुखद रहा कि बहुत बड़ी संख्या में भारत की आज की युवा पीढ़ी प्रयागराज पहुंची। भारत के युवाओं का इस तरह महाकुंभ में हिस्सा लेने के लिए आगे आना, एक बहुत बड़ा संदेश है। इससे ये विश्वास दृढ़ होता है कि भारत की युवा पीढ़ी हमारे संस्कार और संस्कृति की वाहक है और इसे आगे ले जाने का दायित्व समझती है और इसे लेकर संकल्पित भी है, समर्पित भी है।

इस महाकुंभ में प्रयागराज पहुंचने वालों की संख्या ने निश्चित तौर पर एक नया रिकॉर्ड बनाया है। लेकिन इस महाकुंभ में हमने ये भी देखा कि जो प्रयाग नहीं पहुंच पाए, वो भी इस आयोजन से भाव-विभोर होकर जुड़े। कुंभ से लौटते हुए जो लोग त्रिवेणी तीर्थ अपने साथ लेकर गए, उस जल की कुछ बूंदों ने भी करोड़ों भक्तों को कुंभ स्नान जैसा ही पुण्य दिया। कितने ही लोगों का कुंभ से वापसी के बाद गांव-गांव में जो सत्कार हुआ, जिस तरह पूरे समाज ने उनके प्रति श्रद्धा से सिर झुकाया, वो अविस्मरणीय है।

ये कुछ ऐसा हुआ है, जो बीते कुछ दशकों में पहले कभी नहीं हुआ। ये कुछ ऐसा हुआ है, जो आने वाली कई-कई शताब्दियों की एक नींव रख गया है। प्रयागराज में जितनी कल्पना की गई थी, उससे कहीं अधिक संख्या में श्रद्धालु वहां पहुंचे। इसकी एक वजह ये भी थी कि प्रशासन ने भी पुराने कुंभ के अनुभवों को देखते हुए ही अंदाजा लगाया था। लेकिन अमेरिका की आबादी के करीब दोगुने लोगों ने एकता के महाकुंभ में हिस्सा लिया, डुबकी लगाई।

आध्यात्मिक क्षेत्र में रिसर्च करने वाले लोग करोड़ों भारतवासियों के इस उत्साह पर अध्ययन करेंगे तो पाएंगे कि अपनी विरासत पर गौरव करने वाला भारत अब एक नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ रहा है। मैं मानता हूं, ये युग परिवर्तन की वो आहट है, जो भारत का नया भविष्य लिखने जा रही है।

साथियों,

महाकुंभ की इस परंपरा से, हजारों वर्षों से भारत की राष्ट्रीय चेतना को बल मिलता रहा है। हर पूर्णकुंभ में समाज की उस समय की परिस्थितियों पर ऋषियों-मुनियों, विद्वत जनों द्वारा 45 दिनों तक मंथन होता था। इस मंथन में देश को, समाज को नए दिशा-निर्देश मिलते थे।

इसके बाद हर 6 वर्ष में अर्धकुंभ में परिस्थितियों और दिशा-निर्देशों की समीक्षा होती थी। 12 पूर्णकुंभ होते-होते, यानि 144 साल के अंतराल पर जो दिशा-निर्देश, जो परंपराएं पुरानी पड़ चुकी होती थीं, उन्हें त्याग दिया जाता था, आधुनिकता को स्वीकार किया जाता था और युगानुकूल परिवर्तन करके नए सिरे से नई परंपराओं को गढ़ा जाता था।

144 वर्षों के बाद होने वाले महाकुंभ में ऋषियों-मुनियों द्वारा, उस समय-काल और परिस्थितियों को देखते हुए नए संदेश भी दिए जाते थे। अब इस बार 144 वर्षों के बाद पड़े इस तरह के पूर्ण महाकुंभ ने भी हमें भारत की विकासयात्रा के नए अध्याय का संदेश दिया है। ये संदेश है- विकसित भारत का।

जिस तरह एकता के महाकुंभ में हर श्रद्धालु, चाहे वो गरीब हों या संपन्न हों, बाल हो या वृद्ध हो, देश से आया हो या विदेश से आया हो, गांव का हो या शहर का हो, पूर्व से हो या पश्चिम से हो, उत्तर से हो दक्षिण से हो, किसी भी जाति का हो, किसी भी विचारधारा का हो, सब एक महायज्ञ के लिए एकता के महाकुंभ में एक हो गए। एक भारत-श्रेष्ठ भारत का ये चिर स्मरणीय दृश्य, करोड़ों देशवासियों में आत्मविश्वास के साक्षात्कार का महापर्व बन गया। अब इसी तरह हमें एक होकर विकसित भारत के महायज्ञ के लिए जुट जाना है।

साथियों,

आज मुझे वो प्रसंग भी याद आ रहा है जब बालक रूप में श्रीकृष्ण ने माता यशोदा को अपने मुख में ब्रह्मांड के दर्शन कराए थे। वैसे ही इस महाकुंभ में भारतवासियों ने और विश्व ने भारत के सामर्थ्य के विराट स्वरूप के दर्शन किए हैं। हमें अब इसी आत्मविश्वास से एक निष्ठ होकर, विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए आगे बढ़ना है।

भारत की ये एक ऐसी शक्ति है, जिसके बारे में भक्ति आंदोलन में हमारे संतों ने राष्ट्र के हर कोने में अलख जगाई थी। विवेकानंद हों या श्री ऑरोबिंदो हों, हर किसी ने हमें इसके बारे में जागरूक किया था। इसकी अनुभूति गांधी जी ने भी आजादी के आंदोलन के समय की थी। आजादी के बाद भारत की इस शक्ति के विराट स्वरूप को यदि हमने जाना होता, और इस शक्ति को सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय की ओर मोड़ा होता, तो ये गुलामी के प्रभावों से बाहर निकलते भारत की बहुत बड़ी शक्ति बन जाती। लेकिन हम तब ये नहीं कर पाए। अब मुझे संतोष है, खुशी है कि जनता जनार्दन की यही शक्ति, विकसित भारत के लिए एकजुट हो रही है।

वेद से विवेकानंद तक और उपनिषद से उपग्रह तक, भारत की महान परंपराओं ने इस राष्ट्र को गढ़ा है। मेरी कामना है, एक नागरिक के नाते, अनन्य भक्ति भाव से, अपने पूर्वजों का, हमारे ऋषियों-मुनियों का पुण्य स्मरण करते हुए, एकता के महाकुंभ से हम नई प्रेरणा लेते हुए, नए संकल्पों को साथ लेकर चलें। हम एकता के महामंत्र को जीवन मंत्र बनाएं, देश सेवा में ही देव सेवा, जीव सेवा में ही शिव सेवा के भाव से स्वयं को समर्पित करें।

साथियों,

जब मैं काशी चुनाव के लिए गया था, तो मेरे अंतरमन के भाव शब्दों में प्रकट हुए थे, और मैंने कहा था- मां गंगा ने मुझे बुलाया है। इसमें एक दायित्व बोध भी था, हमारी मां स्वरूपा नदियों की पवित्रता को लेकर, स्वच्छता को लेकर। प्रयागराज में भी गंगा-यमुना-सरस्वती के संगम पर मेरा ये संकल्प और दृढ़ हुआ है। गंगा जी, यमुना जी, हमारी नदियों की स्वच्छता हमारी जीवन यात्रा से जुड़ी है। हमारी जिम्मेदारी बनती है कि नदी चाहे छोटी हो या बड़ी, हर नदी को जीवनदायिनी मां का प्रतिरूप मानते हुए हम अपने यहां सुविधा के अनुसार, नदी उत्सव जरूर मनाएं। ये एकता का महाकुंभ हमें इस बात की प्रेरणा देकर गया है कि हम अपनी नदियों को निरंतर स्वच्छ रखें, इस अभियान को निरंतर मजबूत करते रहें।

मैं जानता हूं, इतना विशाल आयोजन आसान नहीं था। मैं प्रार्थना करता हूं मां गंगा से...मां यमुना से...मां सरस्वती से...हे मां हमारी आराधना में कुछ कमी रह गई हो तो क्षमा करिएगा...। जनता जनार्दन, जो मेरे लिए ईश्वर का ही स्वरूप है, श्रद्धालुओं की सेवा में भी अगर हमसे कुछ कमी रह गई हो, तो मैं जनता जनार्दन का भी क्षमाप्रार्थी हूं।

साथियों,

श्रद्धा से भरे जो करोड़ों लोग प्रयाग पहुँचकर इस एकता के महाकुंभ का हिस्सा बने, उनकी सेवा का दायित्व भी श्रद्धा के सामर्थ्य से ही पूरा हुआ है। यूपी का सांसद होने के नाते मैं गर्व से कह सकता हूं कि योगी जी के नेतृत्व में शासन, प्रशासन और जनता ने मिलकर, इस एकता के महाकुंभ को सफल बनाया। केंद्र हो या राज्य हो, यहां ना कोई शासक था, ना कोई प्रशासक था, हर कोई श्रद्धा भाव से भरा सेवक था। हमारे सफाईकर्मी, हमारे पुलिसकर्मी, नाविक साथी, वाहन चालक, भोजन बनाने वाले, सभी ने पूरी श्रद्धा और सेवा भाव से निरंतर काम कर-के इस महाकुंभ को सफल बनाया। विशेषकर, प्रयागराज के निवासियों ने इन 45 दिनों में तमाम परेशानियों को उठाकर भी जिस तरह श्रद्धालुओं की सेवा की है, वह अतुलनीय है। मैं प्रयागराज के सभी निवासियों का, यूपी की जनता का आभार व्यक्त करता हूं, अभिनंदन करता हूं।

साथियों,

महाकुंभ के दृश्यों को देखकर, बहुत प्रारंभ से ही मेरे मन में जो भाव जगे, जो पिछले 45 दिनों में और अधिक पुष्ट हुए हैं, राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य को लेकर मेरी आस्था, अनेक गुना मजबूत हुई है। 140 करोड़ देशवासियों ने जिस तरह प्रयागराज में एकता के महाकुंभ को आज के विश्व की एक महान पहचान बना दिया, वो अद्भुत है।

देशवासियों के इस परिश्रम से, उनके प्रयास से, उनके संकल्प से अभीभूत मैं जल्द ही द्वादश ज्योतिर्लिंग में से प्रथम ज्योतिर्लिंग, श्री सोमनाथ के दर्शन करने जाऊंगा और श्रद्धा रूपी संकल्प पुष्प को समर्पित करते हुए हर भारतीय के लिए प्रार्थना करूंगा।


महाकुंभ का स्थूल स्वरूप महाशिवरात्रि को पूर्णता प्राप्त कर गया है। लेकिन मुझे विश्वास है, मां गंगा की अविरल धारा की तरह, महाकुंभ की आध्यात्मिक चेतना की धारा और एकता की धारा निरंतर बहती रहेगी।

**एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) ने इस साल के एशिया कप को सितंबर में अस्थायी रूप से निर्धारित किया**

# एशिया कप 2025: भारत-पाकिस्तान की संभावित तीन भिड़ंत, यूएई में आयोजन संभव

**नई दिल्ली।** एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) ने इस साल के एशिया कप को सितंबर में अस्थायी रूप से निर्धारित किया है, जिसमें भारत और पाकिस्तान के बीच तीन संभावित मुकाबले देखने को मिल सकते हैं।

क्रिकबज की रिपोर्ट के अनुसार, यह महाद्वीपीय टूर्नामेंट टी20 प्रारूप में खेला जाएगा और इसमें कुल 19 मैच होंगे। टूर्नामेंट के सितंबर के दूसरे और चौथे सप्ताह के बीच आयोजित होने की संभावना है। इस टूर्नामेंट की मेजबानी मूल रूप से भारत को सौंपी गई थी, लेकिन भारत-पाकिस्तान की जटिल क्रिकेटीय संबंधों को देखते हुए, एसीसी ने इसे तटस्थ स्थान पर आयोजित करने का फैसला किया है। हालांकि आयोजन स्थल की



आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन यूएई और श्रीलंका के बीच विकल्पों पर विचार किया जा रहा है। बीसीसीआई नामित मेजबान बना रहेगा। एसीसी ने हाल ही में यह निर्णय लिया है कि जब भारत या पाकिस्तान को मेजबानी मिलेगी, तो टूर्नामेंट किसी तटस्थ स्थान पर आयोजित किया जाएगा। यह फैसला इस पृष्ठभूमि में आया है कि दोनों देशों की टीमें एक-दूसरे की धरती पर खेलने से परहेज करती रही हैं। भारतीय टीम को हाइब्रिड मॉडल के तहत दुबई में खेलने की अनुमति दी गई है, जिससे पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने 2026 टी20 विश्व कप के लिए भी ऐसी ही व्यवस्था की मांग की है। इस टूर्नामेंट की मेजबानी बीसीसीआई और श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) करेंगे।

**भारत-पाकिस्तान भिड़ंत की संभावना :** टूर्नामेंट में भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका, बांग्लादेश, अफगानिस्तान, यूएई, ओमान और हांगकांग की टीमें हिस्सा लेंगी। नेपाल इस संस्करण में जगह नहीं बना सका है। पिछले संस्करण की तरह इस बार भी आठ टीमों को दो समूहों में विभाजित किया जाएगा, जिसमें भारत और पाकिस्तान को एक ही ग्रुप में रखा जाएगा। प्रत्येक समूह से शीर्ष दो टीमें सुपर फोर चरण में पहुंचेंगी, जहां शीर्ष दो टीमें फाइनल खेलेंगी। इस प्रारूप के चलते भारत और पाकिस्तान के बीच तीन संभावित मुकाबले हो सकते हैं-ग्रुप स्टेज, सुपर फोर और संभावित फाइनल।

**मौसम और भविष्य की योजनाएं :** सितंबर का महीना क्रिकेट के लिए चुनौतीपूर्ण हो सकता है, लेकिन चूंकि यह टी20 प्रारूप में होगा, इसलिए मैच शाम के ठंडे तापमान में खेले जाने की संभावना है।

प्रभात टुडे नेटवर्क के लिए राधेरमण चौबे द्वारा गुलाब मेमोरियल मार्केट श्री बंशीधर नगर गढ़वा झारखंड से प्रकाशित, प्रधान संपादक-धीरेन्द्र चौबे, संपादक-धर्मेन्द्र कुमार चौबे* फोन : 9471737671, web-www.banshidharnews.com-Email-prabhatodaynetwork@gmail.com, *समाचारों के चयन के लिए पी.आर.बी एक्ट के तहत जिम्मेदार (सभी वादों का निपटारा नगर ऊंटारी अनुमंडलीय न्यायालय के अधीन होगा)